## समाचार

# महापौर, सभापति ने चलाया ई–रिक्शा, किया घर–घर कचरे का संग्रहण

## (वार्ड क्र. 59 एवं 66 में गोधन न्याय योजना अंतर्गत वर्मी कम्पोस्ट पिट शेड निर्माण कार्य का किया लोकार्पण, किया गोबर खरीदी कार्य का शुभारंभ)








कोरबा 15 जनवरी 2021 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज ई–रिक्शा चलाया और घर–घर पहुंचकर कचरे का संग्रहण किया। सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर एवं अमरजीत सिंह ने भी ई–रिक्शा चलाकर घरों से कचरे का संग्रहण किया, वहीं वार्ड क्र. 59 व 66 में गोधन न्याय योजनांतर्गत निर्माण कार्यो लोकार्पण एवं गोबर खरीदी केन्द्रों का शुभारंभ भी महापौर श्री प्रसाद द्वारा किया गया।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 59 वैशाली नगर एवं वार्ड क्र. 66 में गोधन न्याय योजनांतर्गत वर्मी कम्पोस्ट पिट एवं शेड निर्माण का कार्य कराया गया है, जिसका लोकार्पण आज महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के द्वारा किया गया, वहीं वार्ड क्र. 59 में कचरा संग्रहण हेतु पार्षदनिधि से 04 नग ई–रिक्शें का क्रय किया गया है। महापौर श्री प्रसाद ने इन रिक्शों का संचालन भी प्रारंभ कराया, साथ ही महापौर श्री प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर एवं अमरजीत सिंह ने ई–रिक्शा चलाकर घर–घर से कचरे का संग्रहण भी किया। महापौर श्री प्रसाद ने इस मौके पर वार्ड क्र. 59 व 66 में गोबर खरीदी केन्द्रों का शुभारंभ किया तथा गोबर विक्रेताओं को हितग्राही खाताबुक प्रदान किए।

<u>गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को मिल रहा आर्थिक सम्बल</u>– इस अवसर पर महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा पशुपालकों के हित में क्रियान्वित की गई गोधन न्याय योजना से पशुपालकों को आर्थिक सम्बल प्राप्त हो रहा है तथा उन्हें गोबर के विक्रय से अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। इधर प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवालशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन में गहरी रूचि दिखाते हुए योजनाओं का पूरा–पूरा लाभ लोगों तक पहुंचे, इस संबंध में हम लोगों को निरंतर मार्गदर्शन दे रहे हैं। उन्होने कहा कि जहां तक कोरबा नगर निगम क्षेत्र एवं कोरबा जिले के विकास का प्रश्न है तो निश्चित ही राजस्व मंत्री के कुशल मार्गदर्शन में यहां पर व्यापक पैमाने पर बड़े विकास कार्य शीघ्र होने जा रहे हैं, जिनसे कोरबा की तकदीर एवं तस्वीर बदलने वाली है।

<u>स्वच्छता दीदियों को ई–रिक्शा, एक अच्छी पहल</u>– इस अवसर पर सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वच्छता दीदियां घर–घर कचरा संग्रहण हेतु लगभग 10 से 15 किलोमीटर प्रतिदिन भ्रमण करती हैं, जिसमें उनका श्रम एवं समय अनावश्यक रूप से व्यय

होता है, ई–रिक्शा  उपलब्ध हो जाने से उनके श्रम एवं समय की बचत होगी, निश्चित रूप से यह एक अच्छी पहल है। उन्होने आगे कहा कि राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है, सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिसके लिए हम राजस्व मंत्री जी के प्रति हृदय से आभारी हैं।

कार्यक्रम के दौरान एम.आई.सी.सदस्य संतोष राठौर एवं अमरजीत सिंह के साथ ही पार्षद अजय प्रसाद, शहीद कुजूर, पवन गुप्ता, बसंत चन्द्रा, कमला बरेठ, कौशिल्या बिंझवार, एल्डरमेन ठाकुरप्रसाद अकेला एवं परमानंद सिंह, ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुसमुण्डा के अध्यक्ष सनीश कुमार, ब्लाक कांग्रेस कमेटी बांकी के अध्यक्ष गणेश दास महंत, अनिल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, कविता यादव, शालिनी गभेल, मीरा अग्रवाल, सपना बनमाले, तुलसी ठाकुर, जमीना खातुन, हैप्पी सिंह, ललिता यादव आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

**फोटो क्रमांक –4, 5, 6, 7**